कोटद्वार, शुक्रवार
23 फरवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 290 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# त्रिजुगीनारायण और लैंसडौन के लिए जल्द शुरू होगी हेली सेवा : धामी

**● सीएम ने हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चम्पावत के लिए हेली सेवा का शुभारम्भ किया**



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास, सभागार में नागरिक उडडयन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चम्पावत हेतु क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत संचालित की जा रही हैली सेवा का वर्चुअल रूप से फ्लैग ऑफ कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी समय में त्रिजुगीनारायण, लैंसडौन आदि स्थानों के लिए भी जल्द हेली सेवा की शुरूआत करने वाले हैं। कहा कि इससे जहां एक ओर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस हवाई सेवा की लम्बे समय से प्रतीक्षा थी। कहा कि यह सेवा दूरस्थ क्षेत्रों को परस्पर जोड़ने और लोगों को आवागमन हेतु सुविधा प्रदान करने में सक्षम तो होगी ही, आपात समय में राहत और बचाव कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक प्रभावी माध्यम भी साबित होगी। उन्होंने कहा कि इससे विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों के दर्शन होने के साथ ही लोगों को आवागमन में भी काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल का जिक्रकरते हुए कहा कि कोरोना काल में जो बाहर चले गये थे, वे अब अपने गाँव वापस आ रहे हैं। इस तरह यह सिर्फ़ हवाई सेवा नहीं, बल्कि रिवर्स पलायन का मार्ग भी है। यही वह मार्ग है, जो हमारे पहाड़ों के घरों को पुनः आबाद करेगा तथा गाँव में रौनक लौटाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून से पिथौरागढ़ तक फिक्सड विंग एयरक्राफ्ट सेवाएं विगत 30 जनवरी 2024 से शुरूकी जा चुकी है। इस सेवा के प्रारंभ होने से सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को यात्रा करने के लिए एक नया और बेहतर विकल्प मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है तथा राज्य सरकार का प्रयास है कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को राज्य में आवागमन के लिए हर प्रकार की सुविधा मिले।

## सरकार का बड़ा फैसला : अब मंदिरों से वसूला जाएगा 10 प्रतिशत टैक्स

बेंगलुरु , कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ एक बार फिर भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। सिद्धारमैया सरकार ने बुधवार को ह्यकर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024ह्न पारित कर दिया है। इस विधेयक के पारित होने के बाद भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार को ह्यएंटी हिंदूह्न बता दिया है। दरअसल, कर्नाटक में 1 करोड़ रुपये से अधिक कमाई करने वाले मंदिरों से 10 फीसदी टैक्स वसूली करने का फैसला किया गया है। वहीं, जिन मंदिरों की इनकम 10 लाख से 1 करोड़ के बीच है, उन्हें पांच प्रतिशत टैक्स देना होगा। कर्नाटक सरकार के इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा कि सिद्धारमैया सरकार हिंदू विरोधी नीतियां अपनाकर अपना खाली खजाना भरना चाहती है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, कांग्रेस सरकार राज्य में लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है। कांग्रेस ने अब हिंदू मंदिरों के राजस्व पर भी अपनी टेढ़ी नजर डाल दी है। येदियुरप्पा ने आगे कहा,कांग्रेस अपने खाली खजाने को भरने के लिए हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पारित किया है। इस धन का इस्तेमाल कांग्रेस दूसरे उद्देश्य के लिए करना चाहती है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि केवल हिंदू मंदिरों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है, अन्य धर्मों को क्यों नहीं।

# 25 मई को होगा तीर्थ स्थल श्री हेमकुंट साहिब की यात्रा का शुभारंभ

**● 10 अक्टूबर 2024 को कपाट बंद किए जाने की तिथि घोषित**



देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से गुरुवार को सचिवालय में गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने भेंट की।

नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव को जानकारी दी कि गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा 25 मई 2024 को तीर्थ स्थल श्री हेमकुंट साहिब जी की यात्रा का शुभारंभ तथा 10 अक्टूबर 2024 को कपाट बंद किए जाने की तिथि घोषित कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा इस पर सहमति दी गई है।


मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रशासन द्वारा इस दिशा में पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

# बदरीनाथ के लिए भी शुरू होगी हेली सेवा, कंपनी से करार होने के बाद तय किया जाएगा किराया



देहरादून। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) इस वर्ष चार धाम यात्रा के दौरान बदरीनाथ धाम के लिए भी हेली सेवा शुरू करने की तैयारी में है। गौचर से प्रस्तावित इस हेली सेवा के लिए यूकाडा कंपनियों से वार्ता कर रहा है। प्रदेश सरकार हर वर्ष चार धाम यात्रा के दौरान हेली सेवाओं का संचालन करती है। अभी बदरीनाथ के लिए शटल सेवाओं का संचालन होता है। इनमें भी अधिकांश सेवाएं चार्टर सेवाओं के रूप में संचालित हो रही हैं। छोटे मार्ग की हेली सेवा केवल केदारनाथ धाम में ही संचालित होती है। इसके लिए चमोली में तीन सेक्टर फाटा, सिरसी और गुप्तकाशी बनाए गए हैं। यहां नौ हेलीपैड है जहां से केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाओं का संचालन होता है। इसके अलावा हेमकुंड साहिब के लिए हेली सेवा संचालित होती है। यह हेली सेवा गोविंदघाट से घांघरिया के बीच संचालित की जाती है। इस हेली सेवा के दौरान हेलीकाप्टर बीच में तीन से चार घंटे तक विश्राम की स्थिति में रहता है। इसे देखते हुए अब यूकाडा इसी हेलीकाप्टर का इस अवधि के दौरान गौचर से बदरीनाथ के बीच सेवा संचालित करने करने की योजना बना रहा है। शुरुआत में इससे एक अथवा अधिकतम दो फेरे ही लगाए जाएंगे। इस सेवा के सफल होने के बाद यहां नियमित सेवा शुरू करने पर विचार किया जाएगा। इस मार्ग पर हेली सेवा शुरू करने के लिए यूकाडा हेमकुंड साहिब मार्ग पर चलने वाली हेलीकंपनी से इस संबंध में करार भी करेगा। इसी समय इस मार्ग पर हेली सेवा का किराया भी तय किया जाएगा। अपर सचिव नागरिक उड्डयन सी रविशंकर ने बताया कि इस वर्ष बदरीनाथ मार्ग पर भी गौचर से हेली सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है। जल्द ही इसकी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# उत्तराखंड हाई कोर्ट पहुंचा अवैध खनन का मामला



नैनीताल। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने पिथौरागढ़ जिले के कानड़ी गांव में खनन सामग्री के परिवहन के लिए अवैध रूप से सड़क निर्माण करने के विरुद्ध दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिका का दायरा बढ़ाते हुए कहा है कि प्रदेश में जहां–जहां अवैध खनन हो रहा है, उसकी शिकायतों पर सरकार ने क्या कदम उठाए है, इस पर छह सप्ताह के भीतर एक विस्तृत जवाब पेश किया जाए। मामले की अगली सुनवाई को 22 मई की तिथि नियत की है। पिथौरागढ़ के कानड़ी गांव निवासी नीमा वल्दिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके गांव में नदी के किनारे सरकार ने खनन के लिए 2022 में पट्टा लीज पर दिया था।

**पहले खनन, फिर काटे पेड़**

शुरुआत में पट्टाधारक ने मजदूर लगाकर खनन कार्य किया, बाद में खनन सामग्री को लाने व ले जाने के लिए उसने बिना अनुमति के सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया। सड़क निर्माण के दौरान सौ से अधिक खैर व साल के पेड़ काट दिए।

**विरोध के बाद भी चलता रहा काम**

पेड़ काटने का जब ग्राम वासियों ने इसका विरोध किया तो कुछ समय के लिए तो उसने सड़क निर्माण का कार्य बंद कर दिया, फिर विरोध शांत होने के बाद फिर से सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया। जिला प्रशासन ने भी शिकायत पर कोई निर्णय नहीं लिया।


**हाई कोर्ट पहुंचा मामला**

अंत में मामला हाई कोर्ट पहुंच गया। याचिका डाली गई और कोर्ट से अवैध रूप से बन रही सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगाने की प्रार्थना की गई है। अब इस मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

# सामुदायिक रसोई पर निर्देश देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**● कहा– केंद्र और राज्य कई कल्याणकारी योजनाएं चल रहे**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भूख और कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की मांग वाली याचिका पर कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा जारी है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि वैकल्पिक कल्याण योजनाओं को लागू करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए विकल्प खुला है। कोर्ट ने कहा कि लोगों को किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्यों द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और अन्य कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। हम इस संबंध में कोई और निर्देश जारी करने का प्रस्ताव नहीं करते हैं।



**जनहित याचिका पर आया फैसला**

सुप्रीम कोर्ट का फैसला सामाजिक कार्यकर्ता अनिल धवन, ईशान सिंह और कुंजन सिंह द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर आया, जिसमें भूख और कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई के लिए एक योजना तैयार करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश देने की मांग की गई थी।

**कई बच्चे हर दिन भूख और कुपोषण के कारण मरते हैं**

याचिका में आरोप लगाया गया था कि पांच साल से कम उम्र के कई बच्चे हर दिन भूख और कुपोषण के कारण मर जाते हैं और यह स्थिति नागरिकों के भोजन और जीवन के अधिकार सहित विभिन्न मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

**केंद्र को निर्देश देने की भी मांग**

इसने सार्वजनिक वितरण योजना के दायरे से बाहर आने वाले लोगों के लिए एक राष्ट्रीय खाद्य ग्रिड बनाने और भूख से संबंधित मौतों को कम करने के लिए एक योजना तैयार करने के लिए राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (एनएलएसए) को आदेश जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की भी मांग की थी।

## एक नजर

### जिला कारागार के पास दिखे दो गुलदार, लोगों में दहशत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में गुलदारों का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन गुलदार मानव पर हमला कर रहे है। गुलदार अभी तक कई लोगों को निवाला बना चुका है। अब जिला कारागार खांडयूसैंण के पास दो गुलदार दिखाए देने से दहशत बनी हुई है। बीते बुधवार की शाम को जिला कारागार के पास एक साथ दो गुलदार घूमते हुए दिखाए दिए। जिसका वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यहां पर एक साथ दो गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने यहां पर गश्त बढ़ाने की मांग की है। स्थानीय निवासी हरीश, बृजपाल ने बताया कि यहां पर खांडयूसैंण बाजार के साथ ही कई गांव के ग्रामीण शाम को आवाजाही करते है। एक साथ दो गुलदार दिखने से यहां लोगों में दहशत बनी है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। वहीं, जेलर डीपी सिंहा ने बताया कि बुधवार की देर शाम को जिला कारागार के पास एक साथ दो गुलदार घूमते हुए नजर आए हैं।

### कुकर्म का विरोध करने पर की थी मासूम की हत्या

हरिद्वार। पांच साल के मासूम की कुकर्म का विरोध करने पर निर्मम तरीके से हत्या की गई थी। देरशत मुठभेड़ के बाद हत्थे चढ़े आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना गुनाह कबूलकर यह खुलासा किया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने उत्तरी दिल्ली के एक धर्मस्थल में शरण ले ली थी। जिला अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। पिछले साल दिसंबर में रोड़ीबेलवाला क्षेत्र के चमगादड़ टापू में झुग्गी झोपड़ी निवासी रिक्शा चालक राजेश के पांच वर्षीय पुत्र अजीत का शव दूसरी झोपड़ी से बरामद हुआ था।

# मैतेई को एसटी में शामिल करने का आदेश हाई कोर्ट ने किया रद्द

**● मणिपुर हिंसा के चलते अब तक 200 की मौत**



इंफाल। मणिपुर हाई कोर्ट ने अपने 27 मार्च, 2023 के आदेश से उस पैराग्राफ को हटाने का आदेश दिया है जिसमें राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने पर विचार करने का आग्रह किया गया था। हाई कोर्ट ने कहा कि उक्त पैराग्राफ सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के रुख के विरुद्ध था। माना जाता है कि हाई कोर्ट के 27 मार्च के उक्त आदेश की वजह से राज्य में जातीय हिंसा भड़की थी जिसमें 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

**हाई कोर्ट ने क्या कुछ कहा?**

जस्टिस गोलमेई गाईफुलशिलु की एकल पीठ ने बुधवार को एक पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई के दौरान उक्त आदेश को रद कर दिया। पिछले वर्ष के फैसले में उक्त पैराग्राफ में कहा गया था कि राज्य सरकार मैतेई समुदाय को जल्द से जल्द एसटी सूची में शामिल करने के लिए याचिकाकर्ता के मामले पर विचार करेगी। इसके लिए सरकार को आदेश प्राप्त होने की तिथि से चार हफ्ते का समय दिया गया था।

जस्टिस गाईफुलशिलु ने अपने फैसले में एसटी सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया की ओर इशारा करते हुए उक्त आदेश को हटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। तदनुसार, पैराग्राफ संख्या 17 में दिए गए निर्देशों को हटाने की जरूरत है और 27 मार्च, 2023 के फैसले व आदेश के पैराग्राफ संख्या 17को हटाने का आदेश दिया जाता है।

जनजातीय मामलों के मंत्रालय की 2013–14 की रिपोर्ट में संवैधानिक प्रोटोकाल का जिक्र करते हुए अदालत ने अपने 19 पृष्ठों के फैसले में सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक व्याख्या के साथ तालमेल की जरूरत को रेखांकित किया। साथ ही संविधान पीठ के नवंबर, 2000 में दिए गए निर्णय में एसटी के वर्गीकरण से संबंधित न्यायिक हस्तक्षेप पर विधायी अधिकार क्षेत्र को रेखांकित किया।

**सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई थीं कई याचिकाएं**

संविधान पीठ ने स्पष्ट किया था कि अदालतों को ऐसे वर्गीकरण निर्धारित करने में अपने अधिकार क्षेत्र से आगे नहीं बढ़ना चाहिए। 27 मार्च, 2023 के आदेश के परिणामस्वरूप भड़की हिंसा के बाद सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गई थीं जिनमें हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।

## पैथोलॉजी लैब संचालक पर हमला कर लैब में तोड़फोड़

रुड़की। पुरानी रंजिश में 10–15 लोगों ने खानपुर थाना क्षेत्र के पैथोलॉजी लैब में घुसकर उसके संचालक पर हमला किया। साथ ही लैब में तोड़फोड़ कर दी। घटना का विडियो भी वायरल हुआ है। घायल संचालक को अस्पताल ले जाया गया है। उसके पिता ने पांच नामजद और कई अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया है। डुमनपुरी (खानपुर) के प्रदुमन की मंसूरपुर कपूरो में पैथोलॉजी लैब है। खानपुर के कलसिया निवासी युवकों से प्रदुमन का कुछ विवाद था। इसी को लेकर बीती शाम कलसिया के दस–पंद्रह युवक लाठी, डंडे, सरिये लेकर ट्रैक्टर ट्राली से वहां पहुंचे, और लैब में मौजूद प्रदुमन पर हमला कर दिया। वह जान बचाने को बाहर भागा, तो उनमें से कुछ ने उसे वहां भी दौड़ा–दौड़ाकर पीटा। जबकि बाकी ने लैब में पैथोलॉजी जांच की मशीनें व अन्य सामान तोड़ फोड़कर नष्ट कर दिया। प्रदुमन के गंभीर रूप से घायल होने पर वे भाग गए।

**फिर बजा पीएम मोदी का डंका**

# दुनिया भर के लोकप्रिय नेताओं की सूची में शीर्ष पर काबिज

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से विश्व के सभी शीर्ष नेताओं को लोकप्रियता के मामले में पीछे छोड़ते हुए पहले पायदान पर काबिज हो गए हैं। पश्चिमी देशों के नेता भी इस बात को मान रहे हैं कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का कोई जोड़ नहीं है। वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सबल और सफल नेता के रूप में उभरकर सामने आए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जारी इस आंकड़े ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पीएम मोदी की लोकप्रियता में आज भी कोई कमी नहीं आई है। गौरतलब है कि मॉर्निंग कंसल्ट पॉलिटिकल इंटेलिजेंस सर्वे ने विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं की सूची जारी की है। इसमें विश्व के सभी लोकप्रिय नेताओं के बारे में आंकड़ों सहित जानकारी दी गई है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



शीर्ष पर काबिज हैं। हालांकि, यह पहली दफा नहीं है कि जब पीएम मोदी ने शीर्ष पर अपनी जगह बनाई है, इससे पहले भी वो लोकप्रियता के मामले में दुनिया के नेताओं के बीच शिखर पर रहे चुके हैं। बता दें कि इस रेटिंग एजेंसी ने वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता को आंकड़ों में तब्दील करके लोगों के बीच पेश किया है।

# लोकसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग ने बंगाल में संवेदनशील बूथों की सूची मांगी




कोलकाता , भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में संवेदनशील बूथों की सूची अविलंब मांगी है। राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही सूची की मांग करना एक स्पष्ट संकेत है कि चुनाव से बहुत पहले राज्य के विभिन्न हिस्सों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि आयोग ने उन बूथों का विवरण भी मांगा है जिन्हें 2019 के लोकसभा चुनावों और 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में संवेदनशील घोषित किया गया था।

यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है क्योंकि चुनाव तैयारियों के संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए ईसीआई की पूर्ण पीठ मार्च के पहले सप्ताह में पश्चिम बंगाल का दौरा करेगी। नवीनतम कार्यक्रम के अनुसार, पूर्ण पीठ 4 मार्च को आएगी और अगले दिन उनके प्रतिनिधि राज्य के शीर्ष नौकरशाहों तथा पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा, संभवतः, पूर्ण पीठ संवेदनशील बूथों के विवरण के साथ चुनाव तैयारियों पर राज्य की प्रशासनिक मशीनरी के साथ चर्चा शुरू करना चाहती है, और आयोग ने तुरंत इस संबंध में सूची मांगी है। हाल ही में दो ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जिनसे यह स्पष्ट है कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पश्चिम बंगाल ईसीआई की विशेष निगरानी में है। सबसे पहले, आयोग ने लोकसभा चुनावों के लिए पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र बलों की 920 कंपनियों की तैनाती की मांग की है, जो किसी भी दूसरे राज्य से अधिक है।

## दो वाहनों की टक्कर में दो की मौत

बीकापुर–अयोध्या ,अयोध्या प्रयागराज हाईवे मार्ग चौरे बाजार चौकी अंतर्गत पारोमा गांव के निकट 21/22 फरवरी की बीती रात सुल्तानपुर की तरफ से आ रही चार पहिया वाहन अयोध्या की तरफ से आ रहे ट्रक आपस में टकराने से थार में बैठे दोनों व्यक्तियों की मौके पर मृत्यु हो गई। स्थानीय पुलिस की कड़ी मेहनत एवं जेसीबी की सहायता से वाहन में फंसे दोनों व्यक्तियों को निकाला गया जिनकी मौके पर मौत हो गई थी। मृतक अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर एंबुलेंस के माध्यम से लाया गया जहां जामा तलाशी के दौरान वाहन के अंदर रखे रजिस्ट्रेशन पेपर से दोनों व्यक्तियों की पहचान क्रमशः अग्निवेश सिंह उम्र 28 वर्ष पुत्र तेज बहादुर सिंह निवासी रमाकांत नगर पिचास मोचन छित्तूपुर वाराणसी, तथा प्रदीप कुमार उम्र 36 वर्ष पुत्र मनोज कुमार निवासी 447 हरजिंदर नगर प्रथम नगर निगम कानपुर के रूप में हुई। अग्निवेश के अयोध्या स्थित मकान लक्ष्मणपुर कॉलोनी अमानीगंज के पते पर रह रहे उनके परिजन को घटना की सूचना दी गई। प्रदीप कुमार के लिए उनके परिजन को सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम से कानपुर बात किया गया।

# यूएन सुधार पर जयशंकर ने की सीधी बात, चीन–पश्चिमी देशों को आड़े हाथों लिया

नई दिल्ली। भारत एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के एजेंडे को आगे बढ़ाया है। इस बार नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग के मंच पर इस एजेंडे को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ना सिर्फ जोरदार तरीके से पेश किया बल्कि इसका विरोध करने वाले सभी देशों को आड़े हाथों भी लिया। यूएनएससी में सुधार के भारत की कोशिशों में सबसे बड़ी अड़चन चीन पर निशाना साधते हुए विदेश मंत्री कहा कि, सुधार की कोशिशों में सबसे बड़ी अड़चन पश्चिमी देश नहीं है। इसके लिए भारत को थोड़ा–थोड़ा करके लंबे समय तक कोशिश करनी पड़ सकती है। भारत लंबे समय से यूएनएससी में स्थाई सदस्यों की संख्या को बढ़ाने और खुद को इसका सदस्य बनाने की मांग कर रहा है।

**यूएनएससी के पांच स्थाई सदस्यों भारत का किया समर्थन**

अभी यूएनएससी के पांच स्थाई सदस्यों में से चार (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस) भारत की मांग का समर्थन करने की बात कई बार कह चुके हैं। जयशंकर ने कहा कि, "जब संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई तो इसमें तकरीबन 50 सदस्य थे और आज इनकी संख्या चार गुणा बढ़ चुकी है। यह सामान्य ज्ञान की बात है कि



हम यह स्वीकार करें इसे इसी स्थिति में नहीं चलाया जा सकता।"

**हमें अलग–अलग देशों से बात करनी होगी**

विदेश मंत्री ने आगे कहा कि, अगर यूएनएससी सुधार की बात करे तो इसके सबसे बड़े विरोधी पश्चिमी देश नहीं है। हमें समस्या को सही तरीके से समझना होगा। इस मुद्दे पर धीरे–धीरे हमें आगे बढ़ना होगा और अलग–अलग देशों से बात करनी होगी। इसमें लंबा समय लगेगा तभी किसी मुद्दे पर पहुंचा जा सकेगा।

## सम्पादकीय

# चारधाम आयोजन की तैयारी

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा को लेकर राज्य सरकार प्रतिबद्ध नजर आने लगी है। गत वर्ष के रिकॉर्ड आंकड़ों से उत्साहित सरकार इस बार नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में चने की योजना बना रही है जिसके लिए निश्चित तौर पर नई व्यवस्थाओं के साथ–साथ सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर खास फोकस करना होगा। चार धाम यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि पर्यटन एवं राजस्व अर्जन करने की दृष्टि से भी उत्तराखंड के लिए एक खास महत्व रखती है। बेहद जरूरी है कि यात्रा आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से ही जांच परख कर रखी जाए ताकि पर्यटकों या श्रद्धालुओं को कड़वे अनुभवों का सामना न करना पड़े। सरकार का पूरा तंत्र चार धाम यात्रा को बेहतर एवं सुरक्षात्मक ढंग से पूरा करने के लिए बैठकों व मंथन में जुटा हुआ है जिसके लिए दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। आयुक्त स्तर पर बैठक में सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध पूर्ण करने तथा यात्रा रूट की सड़कों को 30 से पूर्व चाक चौबन्ध करने, पार्किंग क्षमता बढाने, पैदल मार्ग का सुधारीकरण, स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाएं, हेली सर्विस आरटीसी के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। 19 अप्रैल के बाद चार धाम यात्रा धीरे–धीरे अपने चरण की ओर बढ़ना शुरू होगी जो अन्य धामों के कपाट खुलने के साथ–सा बृहद रूप लेती रहेगी। गत वर्ष चार धाम यात्रा के दौरान कुछ ऐसी अव्यवस्थाएं भी देखने को मिली थी जिस कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कुछ लोग तो अपनी यात्रा पूरी करने से पूर्व हुई वापस लौटने पर विवश हुए। यात्रियों के रजिस्ट्रेशन से लेकर स्वास्थ्य एवं आवास की व्यवस्था भीड़ बढ़ने के साथ–साथ काफी विकट हो जाती है। खास तौर से पार्किंग को लेकर एक बड़ी चुनौती सामने आती है जिसका कोई स्थाई हल अभी तक देखने को नहीं मिला है। फिलहाल आदेश जारी किए गए हैं कि 15 अप्रैल से पूर्व चारधाम यात्रा से संबंधित सभी विभाग यात्रा तैयारियां पूर्ण करें। सुलभ, सुरक्षित यात्रा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने से सरकार की छवि भी अच्छी बनती है और पर्यटक अच्छा अनुभव लेकर दूसरों को भी उत्तराखंड में आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, लेकिन यह तभी है जब व्यवस्थाओं को लेकर पर्यटक या श्रद्धालुगण संतुष्ट नजर आएंगे। यात्रा के दौरान अच्छी सड़कें एवं आपदा की दृष्टि से आपदा संभावित क्षेत्र के आसपास खास सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। पैदल मार्गों पर भीड़ के कारण होने वाली और व्यवस्थाओं को संभालने की जरूरत है और मार्ग में यात्रियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं के संबंध में अभी से तैयारी को अंतिम रूप देना होगा। अक्सर चार धाम यात्रा के दौरान पहाड़ी मार्गों पर दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ती हुई देखी गई है,अतः इन परिस्थितियों में दुर्घटना के दौरान तत्काल सहायता उपलब्ध कराना एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करना चार धाम यात्रा आयोजन का एक प्रमुख बिंदु होना चाहिए। उत्तराखंड सरकार एवं राज्य के लोग चार धाम यात्रा के आकाश के लिए तैयार है और यात्रियों का भी यह फर्ज बनता है कि वह देवभूमि की गरिमा के अनुरूप यात्रा करें एवं व्यवस्थाएं बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाई गई गाइडलाइंस व निर्देशों का पालन करें।

# भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन का क्या संदेश?

**अजीत द्विवेदी**




लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय अधिवेशन भाजपा ने किया, जिसकी चुनावी तैयारियां राउंड द क्लॉक यानी 24 घंटे, सातों दिन और 12 महीने चलती रहती है। कायदे से मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को इस तरह का अधवेशन करना चाहिए था और साथ ही नए बने विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न की साझा बैठक भी करनी चाहिए थी। लेकिन कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं और बाकी सहयोगी पार्टियों के साथ कांग्रेस का इतना भी तालमेल नहीं बन पाया है कि विपक्ष के नेता उनकी यात्रा में शामिल हों। सो, मोटे तौर पर विपक्ष की तैयारियां भगवान भरोसे हैं और चुनाव का नैरेटिव भी हालातों पर निर्भर है। ऐसा लग रहा है कि उसे अपनी ओर से चुनाव का कोई नैरेटिव भी सेट नहीं करना है। उसे सिर्फ भाजपा के तय किए नैरेटिव पर प्रतिक्रिया देनी है। तभी यह जानना अहम है कि भाजपा ने क्या नैरेटिव सेट किया है या दो दिन के राष्ट्रीय अधिवेशन से देश के मतदाताओं और भाजपा के कार्यकर्ताओं को क्या संदेश दिया है। दो दिन के सम्मेलन का सार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से मिलता है, जिसे कई पहलुओं से समझा जा सकता है।

पहला, राष्ट्रीय अधिवेशन में राममंदिर पर प्रस्ताव मंजूर किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की गई। इस प्रस्ताव में कहा गया कि राममंदिर का निर्माण ह्यभारत की आध्यात्मिक चेतना का पुनर्जागरण है और यह एक हजार साल के लिए राम राज्य की स्थापना का प्रस्थान बिंदु है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा के चुनाव अभियान में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का क्या महत्व है। यह सिर्फ एक मंदिर का मामला नहीं है। भाजपा ने इसे हिंदू पुनरूत्थान से जोड़ा है, जिसका प्रतीक चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। अयोध्या का मामला या यह नैरेटिव सिर्फ अयोध्या तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार व्यापक है। अयोध्या के बाद प्रधानमंत्री ने मां कामाख्या कॉरिडोर का शिलान्यास किया, अबु धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया और कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास भी किया। पिछले दो महीने के घटनाक्रम का संदेश दूर तक जा रहा है। भाजपा नेता भले हिंदू पुनर्जागरण, पुनरुत्थान या राम राज्य कह रहे हैं, लेकिन व्यापक हिंदू समाज इसे हिंदू राष्ट्र सुन रहा है। उसको लग रहा है कि एक हजार साल के हिंदू राष्ट्र की बुनियाद पड़ रही है और नरेंद्र मोदी इसका माध्यम बन रहे हैं।

दूसरा, इतिहास की ग्रंथियों का मुद्दा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि दशकों से जो काम लंबित थे वो काम उनके कार्यकाल में पूरे हुए हैं। उन्होंने अयोध्या में राममंदिर निर्माण से लेकर जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म करने, नागरिकता कानून में संशोधन करने, नया संसद भवन बनाने, तीन तलाक पर कानून बनाने, राजपथ को कर्तव्य पथ करने आदि का जिक्र किया। इन्हें सिर्फ सरकार की उपलब्धियों का बखान मानने की गलती नहीं करना चाहिए। ये मुद्दे सामान्य उपलब्धियों की तरह पेश भी नहीं किए गए हैं। ये सब या तो धर्म से जुड़े हैं या राष्ट्रवाद से जुड़े हैं। इनके जरिए भी भाजपा ने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की मजबूती का नैरेटिव बनाया है। राममंदिर, नागरिकता कानून, तीन तलाक पर कानून तो सीधे तौर पर धर्म से जुड़े मुद्दे हैं। तो नए संसद भवन का निर्माण गुलामी की मानसिकता से मुक्त होने के नैरेटिव का हिस्सा है, जिसके साथ और भी कई चीजें जुड़ी हैं, जैसे अंग्रेजों के जमाने के कानूनों को बदलना।

तीसरा, अनुच्छेद 370 खत्म करने के फैसले को अब जाकर राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाया गया है। सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 खत्म करने, जम्मू कश्मीर का विभाजन करने और उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला किया था। उसके बाद से इस पर लगभग खामोशी थी। उलटे यह सवाल उठ रहा था कि अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद जम्मू कश्मीर में क्या बदला है? क्या कश्मीरी पंडितों का पुनर्वास हो रहा है? इस मसले पर करीब साढ़े चार साल की चुप्पी के बाद अब यह बड़ा चुनावी मुद्दा बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके भावनात्मक इस्तेमाल का रोडमैप बनाया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को लोकसभा की 370 सीटों से जोड़ दिया है। वे कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया तो देश के लोग भाजपा को 370 सीटों का टीका देंगे। ध्यान रहे प्रधानमंत्री मोदी भले अपने मुंह से नहीं कहें लेकिन उनकी पार्टी ने यह नैरेटिव बनाया है कि कश्मीर को आजादी 2019 में मिली है और तभी वह भारत का हिस्सा बना है। याद करें भाजपा के पुराने नारे को– जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। भाजपा ने यह स्थापित किया है कि कश्मीर पहले हमारा नहीं था। वह 2019 में हमारा हुआ और इसलिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए देश के लोगों को 370 सीटें भाजपा को देनी चाहिए। इसके जरिए 370 सीट और 50 फीसदी से ज्यादा वोट का लक्ष्य तय हुआ।

चौथा, विपक्ष को देश विरोधी, भ्रष्ट और परिवारवादी बताने के पुराने नैरेटिव को फिर से राष्ट्रीय अधिवेशन में जोर–शोर से उठाया गया और देश भर से आए करीब साढ़े 11 हजार पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं को इसे जनता के बीच ले जाने का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री ने स्वंय कांग्रेस पर हमले की कमान संभाली और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश का विरोध किया है। सेना की उपलब्धियों पर सवाल उठाए हैं। राफेल की खरीद तक में रोड़ अटकाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने और समाज को तोडने़ वाली पार्टी है। उन्होंने सीधे तौर पर उत्तर और दक्षिण के विभाजन के नैरेटिव या जाति गणना के मुद्दे को नहीं उठाया लेकिन कांग्रेस को तोडने़ और बांटने वाली पार्टी बता कर उसकी ओर इशारा किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष में सभी परिवारवादी पार्टियां हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में परिवारवादी पार्टियों का अंत हो जाएगा। यह अपने आप में बहुत मजबूत नैरेटिव है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने इन शब्दों में आगे बढ़ाया कि ह्यकांग्रेस सिर्फ एक परिवार के लिए हैह्न।

पांचवां और सबसे बड़ा संदेश मोदी के नेतृत्व, देश के लिए उनकी अनिवार्यता और सत्ता में लौटने की अवश्यंभाविता का है। दो दिन के अधिवेशन में पूरी पार्टी ने मिल कर यह स्थापित किया कि मोदी इकलौते नेता हैं और भाजपा में या भाजपा से बाहर कोई भी नेता उनके मुकाबले का नहीं है। वे सर्वोच्च हैं और सर्वमान्य हैं। मोदी ने खुद अनेक बार अपना नाम लिया, जो हैरान करने वाला था। मनोवैज्ञानिक इसे आत्मविश्वास की कमी बताते हैं तो विपक्ष अति आत्मविश्वास और कुछ हद तक अहंकार मान रहा है। फिर यह बताया गया कि वे देश के लिए क्यों अनिवार्य हैं। यह बताने का प्रयास तो बहुत पहले से चल रहा था लेकिन दो दिन के सम्मेलन में कई तरह से यह बताया गया कि देश अपना पुराना गौरव हासिल करने की ओर बढ़ रहा है तो वह सिर्फ मोदी के कारण हो रहा है। वे हिंदू गौरव लौटाने के लिए काम कर रहे हैं। भारत को फिर से महान बनाने के लिए काम कर रहे हैं और दुनिया भी मानने लगी है कि भारत महानता की ओर बढ़ चला है। इसी के साथ उनकी सत्ता में वापसी की अवश्यंभाविता का नैरेटिव भी बनाया गया। वैसे यह भाजपा का पुराना नारा रहा है कि ह्यआएगा तो मोदी हीह्न। इसे साढ़े 11 हजार प्रतिनिधियों के सामने बताने के लिए मोदी ने कहा कि उन्हें दुनिया के देशों की ओर से जुलाई–अगस्त के न्योते मिल रहे हैं, जिसका मतलब है कि दुनिया भी मान रही है कि ह्यआएगा तो मोदी हीह्न और अब तो विपक्षी पार्टियां भी मानने लगी हैं कि सत्तारुढ़ गठबंधन चार सौ सीट जीतेगा। हालांकि ये दोनों बातें अर्धसत्य की तरह हैं। लेकिन वह अलग विमर्श का मसला है। कुल मिला कर दो दिन की बैठक से देश को यह बताया गया कि मोदी के मुकाबले कोई नहीं है, वे देश की जरुरत हैं और उनका सत्ता में वापस लौटना तय है। वे लौटेंगे तभी भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और 2047 तक विकसित बन पाएगा।

# आध्यात्मिक प्रेरणा के प्रखर मार्गदर्शक थे आचार्य विद्यासागर जी

**नरेंद्र मोदी**

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन–मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्त्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है।आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार–बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ–साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ–साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में ह्यजीवनह्न का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुडने़ की प्रेरणा मिलती है।


वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्त्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया।

# अजय देवगन की फिल्म शैतान से आर माधवन का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज



अजय देवगन की फिल्म शैतान से आर माधवन का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो चुका है. इस पोस्टर में माधवन को पहचाना मुश्किल हो गया है. वह बहुत ही खूंखार और धाकड़ लुक में दिख रहे हैं. शैतान एक सुपरनैचुरल फिल्म है जिसमें अजय देगवन के साथ आर माधवन भी खास रोल में हैं. दिलचस्प बात ये है कि आर माधवन इस बार नेगेटिव रोल में दिखने वाले हैं. जिसे देखना फैंस के लिए भी काफी एक्साइटेड होने वाला है. चलिए दिखाते हैं शैतान से आर माधवन का फर्स्ट लुक पोस्टर.एक दिन पहले ही अजय देवगन ने शैतान से अपना लुक शेयर किया था. जिसे शेयर करते हुए उन्होंने बताया था कि उनकी ये फिल्म सिनेमाघरों में 8 मार्च 2024 को दस्तक देने वाली है. फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा था, जब बात अपने परिवार पर आए, तब वो हर शैतान से लड़ जाता है. इसका मतलब ये कि दृश्यम की तरह एक बार फिर अजय देवगन अपने परिवार को बचाते नजर आएंगे. यहां बदलाव ये होगा कि फिल्म में एक शैतान होगा जिससे वह अपने परिवार की रक्षा करेंगे. कुल मिलाकर अभी तक ये समझ आ रहा है कि ये एक फैमिली ड्रामा हो सकती है.

# शाहिद–कृति की फिल्म ने मचाई धूम, 60 करोड़ के पार हुई कमाई



शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया एक रोबोटिक ड्रामा लव स्टोरी पर बेस्ड फिल्म है. अमित जोशी और आराधना शाह के डायरेक्शन में बनी ये मूवी 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म की ओपनिंग ठंडी रही थी बावजूद इसके तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने अच्छा कलेक्शन कर लिया है. ये फिल्म 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं शाहिद कपूर की इस फिल्म का 11वें दिन का कलेक्शन कितना रहा है

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया दर्शकों को भा गई है. इम्पॉसिबल लव स्टोरी वाली इस फिल्म ने पहले दिन 6.7 करोड़ की कमाई के साथ सुस्त शुरुआत की थी हालांकि इसके बाद शाहिद और कृति फिल्म ने टिकट खिडक़ी पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और इसी के साथ खूब नोट भी छाप डाले. फिल्म की कमाई की बात करें तो तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने पहले दिन 6.7 करोड़, दूसरे दिन 9.65 करोड़, तीसरे दिन 10.75 करोड़, चौथे दिन 3.65 करोड़, पांचवें दिन 3.85 करोड़, छठे दिन 6.75 करोड़, सातवें दिन 3 करोड़ कमाए. और इसी के साथ फिल्म के पहले हफ्ते का कलेक्शन 44.35 करोड़ रुपये हो गया है.

तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाह्न अब रिलीज के दूसरे हफ्ते में हैं और इसने सेकंड फ्राइडे को 2.85 करोड़, दूसरे शनिवार 5 करोड़ और सेकंड संडे 6 करोड़ की कमाई की. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 11वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने रिलीज के 11वें दिन 2.25 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ इस फिल्म की 11 दिनों की कुल कमाई अब 60.45 करोड़ रुपये हो गई है.

तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाह्न को दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है और इसी के साथ ये फिल्म वर्ल्डवाइड करोड़ों में कलेक्शन कर रही है. मैडॉक फिल्म्स ने तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के वर्ल्डवाइड कमाई के 10 दिनों के आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक फिल्म ने रिलीज के 10 दिनों में दुनियाभर में 107.86 करोड़ की कमाई कर ली है. वहीं 11वें दिन शाहिद की ये फिल्म वर्ल्डवाइड 110 करोड़ का आंकड़ा छू सकती है.

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की स्टार कास्ट की बात करें तो इस फिल्म में शाहिद कपूर और कृति सेनन ने लीड रोल निभाया है. फिल्म में धर्मेंद्र, डिंपल कपाडिय़ा, राकेश बेदी, राशुल टंडन और अनुभा फेतेहपुरिया ने भी सहायक भूमिका निभाई है.

## देशभक्ति–ड्रामा फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर और वरुण तेज अपनी आगामी फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंताजर है। ऐसे में आज मंगलवार, 20 फरवरी को मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। फिल्म का ट्रेलर बेहद ही शानदार है। ऑपरेशन वैलेंटाइन का ट्रेलर देशभक्ति की भावना से भरपूर है। फिल्म की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है।

मानुषी छिल्लर और वरुण तेज स्टारर ऑपरेशन वैलेंटाइन पुलवामा हमले पर आधारित हैं। फिल्म का ट्रेलर 14 फरवरी 2019 की घटना की याद दिलाता है, जब देश ने अपने 40 जवान आतंकी हमले में खो दिए थे। इसके बाद अपने शहीद जवानों का बदला लेने के लिए भारतीय एयरफोर्स ने पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक की थी।

ट्रेलर में पुलवामा हमला दिखाया गया है। इसके बाद इस हमले का जवाब देने के लिए ऑपरेशन वैलेंटाइन की शुरुआत की जाती है। फिल्म का ट्रेलर सलमान खान ने लॉन्च किया है। सलमान खान ने एक्स पर फिल्म का पोस्टर साझा कर ट्रेलर का लिंक साझा किया है। उन्होंने पोस्टर साझा कर लिखा, जो होगा देखा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने वरुण तेज और फिल्म की टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

ऑपरेशन वैलेंटाइन के ट्रेलर में वरुण तेज ने एयरफोर्स पायलट अर्जुन देव के किरदार में दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, मानुषी छिल्लर भी शानदार अंदाज में नजर आ रही हैं।

# राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होगा लखनऊ सुपर जायंट्स का हल्ला बोल



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के पहले चरण के लिए गुरुवार को शेड्यूल जारी हो गया। लखनऊसुपर जायंट्स 24 मार्च को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के साथ अपने इंडियन प्रीमियर लीग अभियान की शुरुआत करेगा। एलएसजी का अगला मुकाबला 30 मार्च को घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स से होगा। आईपीएल 2024 में लखनऊसुपर जायंट्स का तीसरा मैच 2 अप्रैल को बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (फउइ) के खिलाफ होगा। केएल राहुल एंड कंपनी 7 अप्रैल को लखनऊ में आईपीएल 2023 उपविजेता गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी।

**21 मैचों का जारी हुआ है शेड्यूल**

आईपीएल 2024 के पहले 21 मैचों (22 मार्च से 7 अप्रैल) का शेड्यूल गुरुवार 22 फरवरी को जारी किया गया। बाकी शेड्यूल की घोषणा 2024 के आम चुनावों की तारीखों की पुष्टि होने के बाद की जाएगी।

**लखनऊसुपर जायंट्स का आईपीएल 2024 शेड्यूल**

24 मार्चः लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम राजस्थान रॉयल्स , जयपुर, दोपहर 2:30 बजे

30 मार्चः लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स, लखनऊ शाम 6:30 बजे


2 अप्रैलः लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, बेंगलुरु, शाम 6:30 बजे

7 अप्रैलः लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम गुजरात टाइटंस, लखनऊ शाम 6:30 बजे

**आईपीएल 2024 के लिए लखनऊसुपर जायंट्स का फुल स्क्वाड**

केएल राहुल (कप्तान), नवीन–उल–हक, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, दीपक हुडा, के गौतम, क्रुणाल पांड्या, क्विंटन डी कॉक, देवदत्त पडिक्कल, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, प्रेरक मांकड़, युद्धवीर सिंह, शमर जोसेफ, मयंक यादव, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, मणिमारन सिद्धार्थ, डेविड विली, एश्टन टर्नर और मोहम्मद अरशद खान।

# 23 मार्च को गब्बर के सामने होंगे ऋषभ पंत!



नई दिल्ली। पंजाब किंग्स आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत शनिवार, 23 मार्च को मोहाली से करेगी। आईएस बिंद्रा स्टेडियम में उसका सामना दिल्ली कैपिटल्स (उड) से होगा। गुरुवार, 22 फरवरी को आईपीएल के पहले चरण का शेड्यूल जारी किया गया। टूर्नामेंट के पहले चरण में शिखर धवन की अगुआई वाली टीम के बाकी मैच होम ग्राउंड से दूर होंगे। फ्रेंचाइजी क्रमशः 25 मार्च, 30 मार्च और 4 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (फउइ), लखनऊ सुपर जायंट्स (छ्रॅ) और गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी।

**इन खिलाड़ियों पर लगाया है दांव**

फ्रेंचाइजी ने सैम करन को टीम में बनाए रखा है। वहीं, आईपीएल 2024 मिनी–नीलामी के दौरान राइली रूसो, क्रिस वोक्स और हर्षल पटेल जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को खरीद कर टीम को मजबूती दी है।

**पंजाब किंग्स का आईपीएल 2024 के पहले चरण का शेड्यूल**

23 मार्चः पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, मोहाली, दोपहर 3:30 बजे

25 मार्चः पंजाब किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, बेंगलुरु, शाम 7:30 बजे

30 मार्चः पंजाब किंग्स बनाम लखनऊसुपर जाइंट्स, लखनऊ शाम 7:30 बजे

4 अप्रैल : पंजाब किंग्स बनाम गुजरात टाइटंस, अहमदाबाद, शाम 7:30 बजे

**पंजाब किंग्स का पूरा स्क्वाड**

शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विदवथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और राइली रूसो।

## नीतीश राणा से छिन जाएगी कप्तानी

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के शेड्यूल का बीसीसीआई ने गुरुवार को आधिकारिक एलान कर दिया है। बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिन के शेड्यूल की घोषणा की, जिसमें पहला मुकाबला सीएसके बनाम आरसीबी के बीच 22 मार्च 2024 को खेला जाएगा। आईपीएल के 17वें संस्करण के बाकी कार्यक्रम का एलान चुनाव आयोग के आम चुनावों की तारीख के एलान के बाद किया जाएगा। बता दें कि इस बार केकेआर टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। पिछली बार नीतीश राणा को केकेआर की कप्तानी दी गई थी, लेकिन अय्यर के फिट होने के बाद अब इस सीजन के लिए उन्हें टीम की कमान फिर से सौंपी गई है। ऐसे में जानते हैं केकेआर की टीम का पहले चरण का पूरा कार्यक्रम।

29 मार्च 2024 – रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स , बेंगलुरु, शाम 7:30 बजे

3 अप्रैल 2024 – दिल्ली कैपिटल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स , विजाग, शाम 7:30 बजे

बता दें कि आईपीएल की दो बार की चैंपियन टीम केकेआर ने पिछले सीजन 2023 में 7वें स्थान पर अपना सफर खत्म किया था।

# लैंसडौन व नैनीडांडा में सीजन का पहला हिमपात, गिरा तापमान



गुरुवार को लैंसडौन में हुआ हिमपात

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : लैंसडौन व नैनीडांडा में गुरुवार को सीजन का पहला हिमपात देखने को मिला। अचानक बदले मौसम के मिजाज से तापमान दस डिग्री से गिरकर माइनस एक डिग्री तक पहुंच गया। इस दौरान

### अचानक बदले मौसम के मिजाज से पर्यटक व ग्रामीण हुए चकित

सैलानियों ने भी बदलते मौसम का खूब आनंद लिया। गुरुवार को नैनीडांडा क्षेत्र में धूप खिली हुई थी। इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बदला और हिमपात शुरू हो गया। मौसम का यह मिजाज देख ग्रामीण भी चकित रह गए। ग्रामीणों का कहना था कि दो दिन पूर्व क्षेत्र में बारिश हुई थी। जिसके बाद मौसम पूरी तरह खुला हुआ था। लेकिन, अचानक मौसम ने रूख बदला और हिमपात हो गया। वहीं, लैंसडौन में भी यही स्थिति देखने को मिली। हालांकि, यहां सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे। दोपहर करीब ढाई बजे मौसम ने अचानक करवट बदली और हल्का हिमपात शुरू हो गया। तापमान दस डिग्री से गिरकर माइनस एक डिग्री तक पहुंच गया।

इस दौरान लैंसडौन पहुंचे पर्यटकों और स्थानीय लोगों में बर्फ को देखकर खासा उत्साह दिखा।

लेकिन, बर्फ चंद समय के लिए ही गिरी। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया।

### मैदान में खिली धूप

एक ओर जहां लैंसडौन व नैनीडांडा में हिमपात देखने को मिला वहीं, कोटद्वार में पूरे दिन तेज धूप खिली हुई थी। धीरे-धीरे शहरवासियों को गर्मी का एहसांस होने लगा है। लेकिन, पहाड़ों में बदले मौसम का असर मैदानी क्षेत्रों में भी देखने को मिल सकता है।

# पोस्टर प्रतियोगिता में निधि बहुखंडी रही अव्वल



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी व अन्य

### राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित की गई प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई पोस्टर प्रतियोगिता में निधि बहुखंड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

हिंदी विभाग के मातृभाषा प्रकोष्ठ व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी हुई। जिसमें धाद एवं उत्तरजन के संस्थापक लोकेश नवानी व डा. जेपी नवानी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संयोजिका हिंदी की विभाग प्रभारी डॉ. शोभा रावत, सदस्य डॉ. कपिल थपलियाल, डॉ. सुमन कुकरेती, डॉ. विजया लक्ष्मी ने मातृभाषा के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के लिये आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता का विषय ह्यगढ़वालि मेरि दुधबोलिह्न रहा। प्रतियोगिता में निधि बहुखंडी एम.ए. ने प्रथम स्थान, खादीजा खातून बायोटेक ने द्वितीय स्थान, साचिका एमए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं यशी, रिया, काजल, साक्षी, मोहित, अंजली इत्यादि को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. एमडी. कुशवाहा ने कहा कि हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने हिन्दी भाषा पर रची अपनी स्वरचित कविता भी सुनाई। डॉ. शोभा रावत ने मातृ भाषा गढ़वाली के सौंदर्य और उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रिया देवली ने स्व रचित गढ़वाली कविता सुनाई, रश्मि बहुखंडी ने मातृ भाषा में शिक्षण कार्य किये जाने की महत्ता बताई।

विशिष्ट अतिथि डॉ. जेपी नवानी ने गढ़वाली भाषा के स्वरूप को बताया। इस मौके पर डा. कपिल थपलियाल, डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. मोहन कुकरेती, डॉ. मुकेश रावत, हीरा सिंह आदि मौजूद रहे।

### 25 को चलाएंगे स्वच्छता अभियान

कोटद्वार : संत निरंकारी मंडल की स्थानीय इकाई की ओर से 25 फरवरी को प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत खोह नदी पर सिद्धबली मंदिर परिक्षेत्र के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान इकाई की ओर से नदी तटों पर भी साफ-सफाई की जायेगी।

यह जानकारी मंडल के कोटद्वार ब्रांच मुखी धीरेंद्र सिंह रावत ने दी।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण में मेरे पुत्र का नाम भूलवश कियान गौड़ दर्ज करा दिया था, जबकि मेरे पुत्र का नाम वर्तमान में श्रीविक गौड़ है। अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम कियान गौड़ के स्थान पर श्रीविक गौड़ अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र की द्वितीय सत्यप्रतिलिपि निर्गत की जाय।

**नवीन गौड़ पुत्र श्री सुभाष चन्द्र गौड़ निवासी बालासौड़, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**



**NOTICE**

By mistake, my name has become Naveen Bisht in the educational records of my son Priyanshu Bisht.

**My correct name is Naveen Singh Bisht son of Mr. Chandra Singh Bisht, village Padampur Sukhrow, Kotdwar, Pauri Garhwal.**


## स्वयं सेवियों ने लिया राष्ट्र सेवा का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के रोवर्स रेंजर्स बिगिनर्स कोर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। इस दौरान सभी स्वयं सेवकों ने राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. पीएस राणा ने किया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि शिक्षा के साथ-साथ समाजोपयोगी कार्यक्रमों में युवाओं की दिलचस्पी बढ़े और वे समाज में अपनी भागीदारी निभा कर राष्ट्र निर्माण में सहायक बन सके।

स्काउट व गाइड के प्रशिक्षक जिला सचिव केएस असवाल, रूप चन्द लखेड़ा ने स्काउट व गाइड के नियम, सिद्धांत, तम्बू गाढ़ना, गांठ बांधना, विपरीत परिस्थितियों का सामना विषय पर जानकारी दी।

कार्यशाला के अन्त में परीक्षा का आयोजन किया गया व उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सड़क पर उतरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

### आश्वासन के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शहर में आक्रोश रैली निकाली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की भी चेतावनी दी है। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी सरकार उनकी मांगों को लेकर लापरवाह बनी हुई है। जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में आक्रोश बना हुआ है।



कोटद्वार में आक्रोश रैली निकालती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

गुरुवार को ब्लॉक अध्यक्ष पूनम कैंत्यूरा व जिलाध्यक्ष ऊषा गोस्वामी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नजीबाबाद चौराह, झंडाचौक व बदरीनाथ मार्ग होते हुए तहसील तक आक्रोश रैली निकाली। इसके बाद उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रही हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में भी ईमानदारी से कार्य कर रही है, लेकिन उनका मानदेय नहीं बढ़ाया गया। इस कारण वे अल्प मानदेय में ही अपना जीवन यापन करने पर मजबूर हैं। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का न्यूनतम मानदेय 18000 रुपये करने, सेवानिवृत्त होने पर एकमुश्त 3 लाख रुपये की धनराशि देने और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नियुक्ति पत्र देने की मांग की गई। चेतावनी दी गई कि सरकार की ओर से यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। रैली में ज्योति बिष्ट, बसंती रावत, अंबिका, सुषमा रावत, रेखा, राजकुमारी, गोदांबरी, संतोषी, हिमानी, निर्मला, सरोजनी देवी, सुधा देवी और गुड्डी देवी सहित अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां शामिल रही।


# कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा
## उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 648/18ए0सी0 दिनांकः- 14/02/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 28/02/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23/02/2024 से 27/02/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 28/02/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं:

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा। 3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन। 4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत राजबाट से रिंगवाड़गांव मोटर मार्ग के कि0मी0 1 में गदेरा पर सेतु का निर्माण कार्य। (आर0एफ0क्यू0 एवं टी0ओ0आर0 के अनुसार) (स्वीकृति की प्रत्याक्षा में) | 17,500.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 03 माह | Empanelled Consultant |

निविदा दिनांक 29/02/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**


# प्रवक्ताओं ने सीखी हैंडस ऑन एक्सपेरिमेंट्स की किट निर्माण की बारिकियां

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय चौरास परिसर में भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यशाला में राज्य के सभी जिलों से आये 50 से अधिक भौतिक विज्ञान प्रवक्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में लो कॉस्ट एंड नो कॉस्ट गतिविधियों और प्रयोगों की सहायता से भौतिक विज्ञान की अवधारणाओं पर गहन चर्चा की गयी। राज्यभर के विभिन्न इंटर कालेजों से आये भौतिकी प्रवक्ताओं को हैंडस ऑन एक्सपेरिमेंट्स की किट निर्माण की बारिकियां सिखाने के साथ प्लैनेटेरियम एवं टेलिस्कोप की सहायता से आकाशगंगा के ग्रहों एवं नक्षत्रों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम संयोजक भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हेमवती नंदन पाण्डेय ने कार्यशाला की सफलता के लिए संसाधकों तथा प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड के हर जिले में प्रायोगिक गतिविधियों के लिए अन्वेशिका लैब्स की स्थापना व भावी योजना के सम्बन्ध पर नियमित रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रो. हेमवती ने विज्ञान के अनुप्रयोगों तथा वैज्ञानिक चेतना को उत्तराखंड की शैक्षिक क्रांति का एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यशाला में आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ एस्टॉनोमिकल साइंसेज के वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने उत्तराखंड के समग्र विकास हेतु वैज्ञानिक चेतना से लैस नौजवानों के संगठित प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

## साई मंदिर का वार्षिकोत्सव शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रेलवे कालोनी स्थित श्री शिव शक्ति साई मन्दिर का 17वां वार्षिक उत्सव गुरुवार को बाबा के महाभिषेक के साथ आरंभ हो गया है। इस अवसर पर मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मन्दिर अध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कि वार्षिक समारोह के पहले दिन साई बाबा का महाभिषेक किया गया। तत्पश्चात बाबा की आरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया।

शुक्रवार को बाबा की विशाल शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें कलाकारों द्वारा बाबा की झाकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। रविवार 24 फरवरी को मन्दिर में सुंदर कांड व भजन कीर्तन किया जाएगा। उत्सव के अंतिम दिन रविवार 25 फरवरी को मन्दिर परिसर में हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

# महाविद्यालय सतपुली के विद्यार्थियों को दी रोजगार परक कोर्स की जानकारी

### आईएचएमएस की ओर से किया गया करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन



सतपुली महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते शिक्षक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से राजकीय महाविद्यालय सतपुली में करयिर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को मास्टर डिग्री कोर्स के माध्यम से भविष्य को संवारने की जानकारी दी गई।

महाविद्याल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आईएचएमएस के मैनेजमेंट विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र जगवान ने एमबीए कोर्स की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एमबीए कोर्स करने के बाद छात्रों को रोजगार के अवसर अधिक मिलते हैं, वे सरकारी, गैरसरकारी और मल्टी नेशनल कंपनी में अधिकारी के पद पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल ने छात्र-छात्राओं को एमसीए कोर्स की जानकारी दी। कहा कि इस कोर्स को करने के बाद छात्र आईटी के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं। कहा कि आज का दौर आईटी का है और इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। एमसीए करने के बाद छात्र कंप्यूटर इंजीनियर, सॉफ्टवेयर डेबलपर के तौर पर सरकारी, गैर सरकारी स्वदेशी से लेकर मल्टीनेशनल कंपनियों में अपना भविष्य बना सकते हैं। छात्राएं वर्क फ्राम होम कल्चर के माध्यम से भी रोजगार प्राप्त कर सकती हैं। एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजय पंत ने छात्र-छात्राओं को एचएम कोर्स की जानकारी दी। कहा कि विदेश जाने का सबसे आसान माध्यम होटल मैनेजमेंट का कोर्स होता हैं। होटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद छात्र-छात्राएं पांच सितारा होटल और रिजार्ट में मैनेजर, रेलवे कैटरिंग में मैनेजर, अध्यापन के कार्य में अपना भविष्य बना सकते हैं। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सतपुली के करियर काउंसलिंग प्रभारी डॉ. वीर सिंह समेत महाविद्याल के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

[illegible] www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 299-DRM-MB-23-24 Date 22.02.2024 |
|---|---|
| Name of Work | Heavy Repair/Improvement of existing washing lines of MB depot |
| Tender Closing Date & Time | 18.03.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,14,19,343.63 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,07,100.00 |
| Tender Cost (Rs) | 00.00 |
| Bidding Start Date | 04.03.2024 |
| Period of Completion | 06 Month |

No. 75-W/2/3/WA/Publication DATED: 22.02.2024

580/24



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

[illegible] 14.03.2024 15:00 बजे है [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
|---|---|---|---|
| टेंडर बन्द होने की दिनांक एवं समय | 14.03.2024 15:00 बजे | [illegible] | इलेक्ट्रिकल (जोनी) |
| धरोहर राशि (रू) | रु. 1,12,600/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कांट्रेक्ट टाइप | [illegible] | कार्य की अवधि | 01 वर्ष (12 माह) |

सं.ई-1-ओटी-[illegible]-बीई-24 दिनांक 20.02.2024

587/24



# कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा
## उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 650/18ए0सी0 दिनांकः- 14/02/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 28/02/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23/02/2024 से 27/02/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 28/02/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं:

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा। 3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन। 4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | एस0डी0आर0एफ0 मद के अन्तर्गत स्व0 श्री जगमोहन सिंह नेगी (एस0एच0 9) मोटर मार्ग के कि0मी0 25 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुनर्निर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याक्षा में) | 42,000.00 | 1500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 2 | एस0डी0आर0एफ0 मद के अन्तर्गत स्व0 श्री जगमोहन सिंह नेगी (एस0एच0 9) मोटर मार्ग के कि0मी0 15 व 18 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुनर्निर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याक्षा में) | 21,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 29/02/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**

# अधिकारी व कर्मचारी गांव-गांव तक पहुंचाएं योजनाएं : बीना राणा

## बीडीसी बैठक में छाई रही मूलभूत समस्याएं



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गुरूवार को विकासखण्ड कल्जीखाल की त्रैमासिक बैठक प्रमुख बीना राणा की अध्यक्षता में ब्लॉक के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पानी, सड़क सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रमुख बीना राणा ने सदन को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में कई योजनाए संचालित की जा रही है। लेकिन योजनाओं का प्रचार-प्रसार न होनें के कारण आम ग्रामीण उक्त योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते है। प्रमुख ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी गांवों में जाकर आम ग्रामीण तक पहुचाएं, ताकि ग्रामीणों को उन योजनाओं का लाभ मिल सकें। बीडीसी बैठक में शिक्षा विभाग की चर्चा के दौरान प्रधान मिरचैड़ा ने कहा कि मिरचैड़ा में दो अध्यापकों की व्यवस्था की जाय। जल निगम की चचा के दौरान प्रधान बूंगा ने बताया कि जो टैंक बनाया गया है उसकी गुणवत्ता सही नहीं है। जिस पर प्रमुख ने कहा कि शनिवार को प्रधान बूंगा के साथ उक्त टैंक का स्थलीय निरीक्षण जेई द्वारा किया जाएगा। सिंचाई विभाग की चर्चा के दौरान अधिकारी ने बताया कि बडखोलू में प्रस्ताव पर कार्य शीघ्र ही शुरु हो जायेगा। इस मौके पर प्रधान बूंगा ने बताया कि बांघाट में पुराना ट्रांसफामर लगा दिया गया है, जो सुचारु रुप से नहीं चल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख ने कहा कि ब्लॉक में सहायक समाज कल्याण अधिकारी की नियुक्ति की जाए। जिस पर अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के बाद सहायक समाज कल्याण अधिकारी की नियुक्ति कर दी जाएगी।इस अवसर पर प्रमुख संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राणा, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, एडीओ पंचायत मेघराज सिंह, सहायक प्रबन्धक उद्योग बीएस कोहली, प्रभारी जिला ग्रामोंद्योग अधिकारी राकेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, ज्येष्ठ उपप्रमुख अनिल नेगी, कनिष्ठ उपप्रमुख अर्जुन पटवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य बडखोलू उत्तम सिंह, गढकोट माधुरी देवी, नलई सुमन देवी, मिरचैड़ा विवेक नेगी, दिउसा महेश चन्द्र, प्रधान संगठन अध्यक्ष रमेश चन्द्र, प्रधान ग्राम सभा धारी मदन सिंह, भट्टीगांव मायाराम, गढकोट प्रिया रावत, गिदरासू शिवानी रावत, थापला राकेश कुमार, ओलना श्रीमोहन सहित अशोक रावत, अजय पटवाल, सुनील आदि औजूद थे। बैठक का संचालन खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी दुर्गा प्रसाद भट्ट ने संयुक्त रूप से किया।

## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आंगनबाड़ी कार्यकत्री सेविका मिनी कर्मचारी संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर सांकेतिक धरना दिया। संगठन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द मांगें हल कर करने की मांग की।

गुरुवार को संगठन ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्त पर 2 लाख देने, गोल्डन कार्ड जारी करने, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उच्चीकरण का जीओ जल्द जारी करने आदि की मांग उठाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लम्बे समय से मानेदय बढ़ोतरी, सेवानिर्वित होने के बाद 2 लाख रुपये देने का प्रावधान किये जाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड की सुविधा देने की सरकार से लगातार मांग की जा रही है। लेकिन सरकार की ओर से लगातार उनकी अनदेखी की जा रही है। जिससे कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इस मौके पर उर्मिला बलूनी, किरण नेगी, विनीता, कौशल रावत, अमिता ममगाईं आदि शामिल रहे।

# समस्याओं को लेकर पौड़ी में निकाली जनाक्रोश रैली

## तीन दिन के भीतर 12 सूत्रीय मांगें पूरी न होने पर दी क्रमिक अनशन की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से गुरुवार को आयोजित जनाक्रोश रैली में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। रैली को व्यापार संघ ने समर्थन देते हुए अपनी दुकानें बंद रखी। रैली में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। संयुक्त संघर्ष समिति ने एडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर तीन दिन के भीतर 12 सूत्रीय मांगें पूरी नहीं होने पर क्रमिक अनशन की चेतावनी दी। गुरुवार को अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत संयुक्त संघर्ष समिति ने शहर में जनाक्रोश रैली निकाली। समिति के मुख्य संयोजक नमन चंदोला ने कहा राज्य निर्माण की नींव रखने वाली उत्तराखंड आंदोलन की जननी पौड़ी के साथ पिछले 23 सालों से जो पक्षपात हो रहा है उसके खिलाफ सबको एकजुट होने की जरूरत है। कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य बनने के 23 सालों बाद भी पौड़ी को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए लड़ना पड़ रहा है। व्यापारियों की स्थिति यह है कि कई दुकानदार सिर्फ दुकान खोलने और बंद करने तक सीमित रह गए हैं। कहा कि 3 दिन के भीतर मांगें पूरी नहीं होने पर रामलीला मैदान में क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मनोज रावत ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने जनाक्रोश रैली को अपना समर्थन दिया। इस मौके पर व्यापार सभा के कोषाध्यक्ष कुलदीप गुसाईं, केशर सिंह नेगी, दीपक कुकशाल, अखिलेश, कमल रावत, केशर असवाल, विनोद नेगी, रनिता विश्वकर्मा, अनिता रावत, कुसुम चमोली, मीनाक्षी रावत, यशोदा नेगी आदि शामिल रहे।

## श्रीनगर में सड़क पर उतरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

श्रीनगर गढ़वाल : मानदेय बढ़ोतरी सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेविका मिनी कर्मचारी संगठन खिर्सू ने रोडवेज बस अड्डा श्रीनगर से तहसील परिसर तक रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी श्रीनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि लम्बे समय से मानेदय बढ़ोतरी, सेवानिर्वित होने के बाद 2 लाख रुपये देने का प्रावधान किये जाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड की सुविधा देने की सरकार से लगातार मांग की जा रही है। लेकिन सरकार की ओर से लगातार उनकी अनदेखी की जा रही है। जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में रोष है। कहा कि ठोस कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होंगी तब तक वे कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे।

# छात्र नेताओं ने समस्याओं के हल करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में छात्रसंघ और छात्र नेताओं ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्रसंघ पदाधिकारियों ने कॉलेज परिसर के मुख्य गेट पर तालाबंदी की। उन्होंने परिसर निदेशक के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन भेजा।

गुरुवार को छात्रसंघ अध्यक्ष ऋतिक असवाल, उपाध्यक्ष रोहित कुमार आदि ने कहा कि बीते 6 महीने से परिसर को जाने वाली सड़क का डामरीकरण नहीं होने से छात्र-छात्राएं परेशान है। अभी तक परिसर में वाईफाई चालू नहीं हो पाया है, जबकि 2016 में इसकी लाइन बिछ चुकी है। बस व एबुलेंस की सुविधा पूरी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बीकॉम के लिए भवन परिसर बनाने, परिसर में शिक्षकों के लिए बायोमैट्रिक मशीन लगाने, प्लेग्राउंड का जल्द निर्माण करने की मांग पिछले लंबे समय से की जा रही है, लेकिन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कहा कि 2016 से परिसर में एक भी समस्या का हल नहीं हुआ, लेकिन नेक की टीम का निरीक्षण होने पर एक दिन पहले व्यवस्थाएं चाक चौबंद की जा रही है। वहीं, परिसर निदेशक ने कहा कि छात्रों की हर समस्या के हल के लिए प्रयास किए जा रहे है। इस मौके पर छात्रसंघ सचिव रितिक रावत, कोषाध्यक्ष लविश नेगी, यूआर विनय रावत, छात्रा प्रतिनिधि खुशी, राजेश भंडारी आदि शामिल रहे।

## गुरिल्लाओं तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

श्रीनगर गढ़वाल : गुरुवार को एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन ने कीर्तिनगर स्थित मोलू भरदारी पार्क में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बैठक की। गुरिल्लाओं ने नौकरी, पेंशन, आश्रित लाभ समेत अन्य मांगों को लेकर एसडीएम कीर्तिनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। गुरिल्ला संगठन कीर्तिनगर ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा कि गुरिल्ला लगातार 18 सालों से आंदोलनरत हैं, लेकिन सरकार द्वारा अभी तक उनके पक्ष में किसी भी प्रकार का फैसला नहीं लिया गया है, जिसके चलते गुरिल्लाओं में सरकार के खिलाफ रोष बना है। कहा कि अगर जल्द ही सरकार द्वारा गुरिल्लाओं की मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो हमें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस मौके पर महासचिव उत्तम रतूड़ी, विनोद सिंह सजवाण आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## विधायक ने किया ब्लॉक के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विधायक राजकुमार पोरी ने कोट ब्लॉक के नवनिर्मित ब्लॉक कार्यालय भवन का पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि ब्लॉक कार्यालय के नवनिर्मित भवन से कार्मिकों को जहां कार्य करने में सहूलियत मिलेगी, वहीं समस्याओं के निराकरण को लेकर ब्लॉक कार्यालय आने वाले क्षेत्रवासियों को भी नया भवन बनने से लाभ मिलेगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पूर्णिमा नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख प्रमिला नेगी, बीडीओ दिनेश बडूनी, भाजपा के कोट मंडल अध्यक्ष हिम्मत नेगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धरमवीर सिंह नेगी, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश जुगरान, संजय बलूनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील लिंगवाल, अनुसूया प्रसाद सुंदरियाल, पूर्व जिपं सदस्य तामेश्वर आर्य आदि शामिल रहे।

# निर्वाचन में सभा स्थल से लेकर सभी प्रचार सामग्री की दरें तय



जयन्त प्रतिनधि। चमोली : मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनपद स्तरीय पदाधिकारियों के साथ लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए विभिन्न प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का आंगणन करने हेतु निर्धारित किए जाने वाले रेट-चार्ट पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण/मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहाँ, मानक रेट चार्ट समिति के अध्यक्ष चंचल बोहरा, कोषाधिकारी पंकज श्रीवास्तव एवं समिति के अन्य सदस्यों के साथ भाजपा से मोहन सिंह नेगी, विक्रम बर्त्वाल, दिनेश सिंह, कांग्रेस पार्टी से आनंद सिंह पंवार, आम आदमी पार्टी से अनूप सिंह रावत एवं सीपीआईएम से ज्ञानेन्द्र खन्तवाल उपस्थित थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशों/प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां ने सभी दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन व्यय सम्बन्धी प्रावधानों से अवगत कराया। बताया कि लोकसभा निर्वाचन में अधिकतम व्यय सीमा 95 लाख निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दल निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिन के भीतर आंशिक व्यय विवरण एवं 90 दिन के अंदर अपना सम्पूण निर्वाचन व्यय लेखा (सीए से आडिट कराने के उपरान्त) दाखिल करें। वर्तमान में राजनीतिक दलों को अपना निर्वाचन व्यय लेखा ऑनलाइन दाखिल करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी/निर्वाचन आयोग ने आईईएमएस पोर्टल पर यह सुविधा उपलब्ध कराई है। मुख्य कोषाधिकारी ने सभी दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि वे अपने पार्टी प्रत्याशी के नामांकन से पूर्व प्रत्याशी के नाम से या प्रत्याशी व उसके निर्वाचन एजेंट के साथ संयुक्त खाता खुलवा लें और प्रत्याशी को भी निर्वाचन व्यय के प्रावधानों से अवगत करायें।

# चमोली में उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा के लिए 106 केंद्र बनाएं, 17 संवेदनशील श्रेणी में



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा 2024 के लिए जनपद में 106 केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें 17 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इस बार विकासखण्ड जोशीमठ में 8, दशोली में 17, नन्दानगर में 10, पोखरी में 7, कर्णप्रयाग में 16, गैरसैंण में 17, नारायणबगड़ में 11, थराली में 11 तथा देवाल में 9 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने जीआईसी गोपेश्वर में परिषदीय परीक्षा केन्द्र निर्धारण समिति की बैठक लेते हुए सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों मे मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, परीक्षा कक्षों में मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को प्रतिबंधित करने व परीक्षा से पूर्व सभी बीईओ को अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक विद्यालय का स्वयं निरीक्षण करने और जहां कोई कमी है उसे तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा के दौरान कोई व्यवधान या समस्या आने पर वहां के एसडीएम और उन्हें अवगत कराने को कहा। बैठक में परीक्षा केन्द्रों की भौगोलिक परिस्थितियों एवं मानकों पर गहनता से चर्चा की गई। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों में बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी दी गयी। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने बताया कि परीक्षा में 9152 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। हाईस्कूल में 2563 छात्र तथा 2479 छात्राओं सहित कुल 5042 परीक्षार्थी शामिल होंगे, वही इण्टरमीडिएट परीक्षा में 1919 छात्र तथा 2191 छात्राओं सहित कुल 4110 परीक्षार्थी शामिल होगे। परीक्षाएं 27 फरवरी से 16 मार्च तक आयोजित की जाएंगी।

## भाजपा ने लाभार्थियों को किया सम्मानित

नई टिहरी : ब्लाक मुख्यालय थत्यूड़ के सभागार में भाजपाइयों ने भाजपा लाभार्थी सम्मेलन कार्यशाला आयोजित किया। मौके पर सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने की अपील की गई हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला महामंत्री उदय सिंह रावत ने लाभार्थी सम्मेलन कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता आगामी एक से 3 मार्च तक गांव-गांव में जाकर भाजपा सरकार के द्वारा दी गई जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभाविन्त लाभार्थियों से मिलेंगे और उन्हें भाजपा की केंद्र वह राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही भाजपा की रीति-नीति से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दे रही है। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड के द्वारा 5 लाख तक का इलाज मुफ्त किया जा रहा है। किसान निधि के द्वारा कृषकों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# छात्रों को साइबर क्राइम को लेकर जागरूक किया

रूद्रप्रयाग : मुख्याल स्थित अनूप नेगी मेमोरियल स्कूल गुलाबराय में पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें छात्रों एवं विद्यालय स्टाफ को साइबर क्राइम और ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही छात्रों से अपने आसपास के लोगों को सतर्क करने की अपील की।

विद्यालय परिसर में आयोजित अभियान में साइबर एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी ने कहा कि नशा मनुष्य के विनाश का कारण है, नशे से व्यक्ति खुद तो बर्बाद होता ही है, इससे परिवार के परिवार समाप्त हो रहे हैं। इससे स्वयं को दूर रखना अति आवश्यक है। बताया कि यह वर्तमान समय में साइबर अपराध सबसे सक्रिय अपराध है, तथा किस प्रकार एक ओटीपी देने तथा एक लिंक खोल देने से सारे जीवन भर की पूंजी साइबर ठगों के हाथ में चली जाती है। अनावश्यक ऐप को अपने मोबाइल फोन में इन्सटॉल कर देने से, अनजान वीडियो कॉल उठाने से, अनजान नम्बर से भेजे गए लिंक खोलने से भी आप साइबर अपराध का शिकार बन सकते हैं। इससे बचाव का उपाय सतर्कता तथा हमारी जागरूकता है। कहा कि अनजान लिंक को न खोलें, ऑनलाइन गेमिंग से दूर रहने तथा साइबर अपराध हो जाने की दशा में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। छात्रों को साइबर क्राइम और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स से संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस रावत, आरक्षी कृष्णा सेमवाल, आरक्षी राकेश रावत समेत छात्र छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद था। (एजेंसी)

## शिक्षक संघ थौलधार के विनोद अध्यक्ष तो राकेश मंत्री बने

नई टिहरी : राजकीय जूनियर हाईस्कूल (पूमा) शिक्षक संघ थौलधार का त्रैवार्षिक अधिवेशन गुरुवार को राजकीय इंटर कालेज कमान्द में आयोजित किया गया। अधिवेशन में राजकीय जूनियर हाईस्कूल (पूमा) के शिक्षकों ने पहले सत्र में शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी कर आपसी समस्याओं को लेकर चर्चा की। गोष्ठी में शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को प्रभावशाली शिक्षा, छात्रों और शिक्षकों में आपसी सामंजस्य और छात्रों को आधुनिक दौर में जरूरी शिक्षा की जरूरतों को लेकर सभी शिक्षकों ने विचार रखे। अधिवेशन के दूसरे सत्र में राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन चुनाव पर्यवेक्षक लाखी सिंह असवाल व अखिलेश उनियाल की रेख देख में सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर विनोद भट्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह असवाल, मंत्री राकेश चमोली, कोषाध्यक्ष विजय सिंह, संयुक्त मंत्री सविता बडोनी को निर्विरोध चुना गया।

## चुनावी शंकाओं को प्रशिक्षण से दूर करें कार्मिक : एडीएम

नई टिहरी : लोकसभा चुनावों को लेकर एईओ, वीएसटी, वीवीटी तथा एटी टीमों की बैठक उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम केके मिश्रा ने जिला सभागार में ली। बैठक में प्रेक्षण कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराये जाने को लेकर एडीएम ने सहायक व्यय प्रेक्षक (एईओ), वीडियो निगरानी टीम (वीएसटी), वीडियो अवलोकन टीम (वीवीटी) तथा लेखा एवं उड़ान दस्ते दल को मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण देकर कार्मिकों को आंवटित कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर एडीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्यों का दायित्व एक महत्वपूर्ण दायित्व है। इसमें जिस कार्मिक को जो दायित्व मिला है।

# न्यूरो सर्जन कुड़ियाल समेत ग्यारह लोग नवाजे

नई टिहरी : लंबगांव में आयोजित सम्मान समारोह में उत्तराखंड के पहले न्यूरो सर्जन डॉ. महेश कुडियाल सहित 11 लोगों को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले लोगों को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। प्रतापनगर नागरिक सम्मान मंच की ओर से राइंका लंबगांव में कस्तूरबा गांधी दिवस के मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि नागरिक सम्मान मंच की इस अभिनव पहल से सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। अति विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला ने कहा कि मानव सेवा के लिए समर्पित भाव से उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करना हम सबका गौरव है। कहा कि प्रतापनगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पुस्तकालय खोले जाएंगे। कार्यक्रम में न्यूरो सर्जन डॉ. महेश कुडियाल को प्रतापनगर जनभूषण सम्मान से विभूषित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवानिवृत इंजीनियर किशन लाल, दिव्या थलवाल, अतोल चंद रमोला, बीरेंद्र रावत, रोशन लाल, रुकमणी रावत, टिहरी बांध की झील में तैराकी का रिकार्ड बनाने वाले पारस राणा, ऋषभ राणा को प्रतापनगर जनश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। जबकि लोक गायक स्व. किशन सिंह पंवार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे नत्था सिंह कश्यप को मरणोपरांत जनश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसआर के पब्लिक स्कूल, एमडीएस पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इस मौके पर जिपंस रेखा असवाल, मंच के अध्यक्ष धूम सिह रांगड, सचिव द्वारिका प्रसाद भट्ट, रमेश कुड़ियाल, केदार बिष्ट, युद्दवीर राणा, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष भगवान सिंह असवाल, केशव रावत, राहुल राणा, चंद्रशेखर पैन्यूली, विजयपाल रावत, राकेश थलवाल, शूरवीर भंडारी, भंडारी, महेश प्रसाद व्यास, गीता नेगी, प्रदीप रावत, राजपाल राणा, त्रिलोक राणा, मुरारी लाल खंडवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## छात्रों से की स्वरोजगार अपनाने की अपील

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ में आयोजित दो दिवसीय बूट कैंप का विधिवत समापन हो गया। कैंप में मास्टर ट्रेनर ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता विकास और स्वरोजगार पर विस्तृत जानकारी दी। राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ में देवभूमि उद्यमिता योजना के तत्वावधान में आयोजित बूट कैंप का समापन प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने किया। प्राचार्य डॉ. पाण्डेय ने कहा कि, किसी व्यवसाय को करने के लिए कर्तव्यनिष्ठ होना जरूरी है, उन्होंने विभिन्न दृष्टांतों के माध्यम से वर्तमान समय में निजी व्यवसाय की उपयोगिता को बताया। इस मौके पर उद्यमिता विकास योजना की नोडल अधिकारी डॉ. गुलनाज फातिमा ने स्वरोजगार से जुड़े कार्यक्रमों के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया। कैंप में स्थानीय कम्प्यूटर उद्यमी सोनम पंवार ने वर्तमान में अंग्रेजी व कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व बताते हुए, निजी व्यवसाय की जानकारी साझा की। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् अरुण गौड़ ने मौन पालन व ईको टूरिज्म की विस्तृत जानकारी देते हुए गाइड ट्रेनिंग देने की बात कही।

## नैनीडांडा मंडल में लाभार्थी संपर्क अभियान कल से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नैनीडांडा भाजपा मंडल की ओर से 24 फरवरी से बूथ स्तर पर लाभार्थी अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान लाभार्थियों से संपर्क कर योजनाओं के बारे में जानकारी ली जाएगी।

लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर नैनीडांडा भाजपा मंडल की बैठक ब्लॉक सभागार में हुई। जिसमें 24 फरवरी से बूथ स्तर पर शुरू होने वाले लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर विचार विमर्श किया गया।

मंडल अध्यक्ष शशिकुमार ध्यानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बूथ स्तर पर जाकर लाभार्थियों से मुलाकात करने व जानकारी लेने के साथ केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर उनके जीवन में क्या सकारात्मक परिवर्तन आए हैं, इस विषय पर चर्चा की गई।

इस मौके पर जिला सह संयोजक प्रशांत कुमार बछवाण, शक्ति केंद्र मंडल संयोजक सुनील चौहान, सह संयोजक मुन्नी ध्यानी, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, मंडल उपाध्यक्ष भारत भंडारी, मनोज खर्कवाल, सत्यपाल सिंह, बूथ अध्यक्ष, मोर्चों के अध्यक्ष व महामंत्री आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने महिलाओं को बांटे सेनेटरी नैपकिन



नई टिहरी : टिहरी महिला कांग्रेस ने टीनशेड में सेनेटरी नैपकिन महिलाओं में वितरित करते हुए आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर अभियान चलाया। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने टीनशैड क्षेत्र में टीम के साथ भ्रमण करते हुए कांग्रेस की रीति से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान सरकार धर्म के नाम पर लोगों को बर्गलाने का काम कर रही है। यूसीसी के नाम भी भ्रमित किया जा रहा है। भाजपा राज में महिला अपराध बढ़े हैं। महिलाओं को उनका न्याय नहीं दिया जा रहा है। रावत ने कहा कि देश में नफरत का माहौल बनाने का काम किया जा रहा है। जो कि देश के सामाजिक ताने-बाने को खराब कर रहा है। इस मौके पर कांग्रेस की कार्यकर्ताओं में ममता उनियाल, अनिता रावत, लक्ष्मी रावत, अनिता शाह, सीमा चौहान, मीना शाह, लक्ष्मी, पुष्पा, देवेश्वरी, कान्ता सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं। (एजेंसी)

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com